PMYV

इस मास में विशेषः साधना दीक्षा

आकस्मिक धन प्राप्ति साधना

10 नवम्बर, धन त्रयोदशी

इस प्रयोग के बारे में कहा गया है, कि जो इस प्रयोग को भली-भांति सम्पन्न कर लेता है, उसकी सात पीढ़ियों तक फिर कोई दरिद्र नहीं रहता... उसके घर में आकस्मिक धन प्राप्ति की स्थितियां बनती ही रहती हैं, लॉटरी, सट्टे आदि से उसे धन प्राप्त होते रहता है और वह जीवन की सभी इच्छाओं को पूर्ण करने में समर्थ हो पाता है।

गृहस्थ सुख काम्य प्रयोग

24 नवम्बर, तुलसी विवाह

योग्य जीवन साथी मिलना भी बिना दैवीय कृपा के संभव नहीं है। प्रायः देखने में आता है, कि व्यक्ति के पास धन, मान, पद, प्रतिष्ठा सभी कुछ होते हुये भी अशांति रहती है और इसका कारण है जीवन साथी से ताल-मेल नहीं बैठ पाना। इस प्रयोग द्वारा आपके गृहस्थ जीवन में पूर्ण सुख, शांति, माधुर्य एवं सम्पन्नता आ जाती है। समस्त प्रकार का क्लेश, कलह व अभाव समाप्त होता है एवं पुत्र, पुत्री उन्नति करते हैं तथा निःसन्तान को सन्तान प्राप्त होती है।

विपत्ति नाशिनी कालिका प्रयोग

11 नवम्बर, काली चौदस

इस प्रयोग को सम्पन्न कर साधक अपने साधनात्मक जीवन, भौतिक जीवन तथा आध्यात्मिक जीवन में आने वाली सभी विपत्तियों, कष्टों, परेशानियों तथा बाधाओं का समापन कर सकता है। जिससे परिस्थितियां अनुकूल होना प्रारम्भ होती हैं और जीवन में सर्वोन्नति, पूर्णता, सफलता प्राप्त करता है। साथ ही जीवन में धन, यश, कीर्ति, समृद्धि का आगमन होता है।

सौभाग्य दायिनी महालक्ष्मी साधना

30 नवम्बर, सौभाग्य सुन्दरी तीज

जीवन की श्रेष्ठता है सम्पन्न होना, यह वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक आवश्यकता भी है। महालक्ष्मी साधना सम्पन्न करने पर जीवन में दरिद्रता का नाश हो कर सौभाग्य का उदय होता है एवं आर्थिक व सामाजिक श्रेष्ठता प्राप्त होती है। प्रत्येक व्यक्ति के लिये यह एक आवश्यक साधना है।

साधना एक **साधक** के जीवन का **अभिन्न अंग** है, जो साधक समय-समय पर स्वयं व सामूहिक रूप से साधना सम्पन्न करते हैं, वे सदैव **सद्गुरूदेव** के **हृदय** में एक **विशिष्ट स्थान** प्राप्त करते हैं। ये **विशिष्ट साधनायें** सम्पन्न करने के लिए **कैलाश सिद्धाश्रम** में सम्पर्क करें।